जलवायु संकट से निपटने को किया प्रेरित

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।

- यूटीयू में मॉडल यूनाइटेड एमयूएन कार्यक्रम आयोजित
- निहारिका को मिला सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार

देहरादून (एसएनबी)। संयुक्त राष्ट्र दिवस पर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का समाधान विषय पर चर्चा की गई। साथ ही वैश्विक जलवायु संकट के प्रति जागरूकता और साझा प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में टीएचडीसी इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। छात्रों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भूमिका पर चर्चा की और संभावित समाधान प्रस्तुत किए। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को जलवायु संकट से निपटने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चर्चा छात्रों को भविष्य में भी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए एकजुट प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी।

कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ पोजीशन पेपर अवार्ड फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी की चीन का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार टीएचडीसी की भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली निहारिका पांडे को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को मिला। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रयास आईएएस स्टडी सर्किल के डा. सुशील सिंह, डीएवी के पूर्व प्राचार्य डा. दिनेश सक्सेना शामिल थे। कार्यक्रम के आयोजन में कोनिका मुखर्जी, अंशिका गर्ग, डा. दीपक के साथ छात्र प्रियंशी शर्मा, शालिनी रावत, शिवांगी, विनिता, अल्वीना शाह, शुभम भंडारी ने सहयोग दिया।